कहाँ क्या है

आमुख iii

बड़ों से दो बातें v

1 मन के भोले-भाले बादल 1

2 जैसा सवाल वैसा जवाब 6

3 किरमिच की गेंद 11

कोई लाके मुझे दे 21

4 पापा जब बच्चे थे 22

उलझन 32

एक साथ तीन सुख 33

5 दोस्त की पोशाक 35

नसीरुद्दीन का निशाना 42

6 नाव बनाओ नाव बनाओ 44

पाठ - 1

मन के भोले भाले बादल

शब्द अर्थ

1) झब्बर : घुँघराले
2) तोंद : बड़ा पेट
3) ज़िद : हठ करना
4) शैतानी : शरारत
5) भला : अच्छा
6) तूफान : तेज आँधी और बारिश

तुकांत शब्द

1) गालों : बालों
2) फुलाए : बुलाए
तूफानी : शैतानी
जाते : लाते

कैसे कौन

सूरज सी - चमकीली थाली
चंदा सा - गोरा मुखड़ा
हाथी सा - भारी आदमी
जोकर सा - मोटा पेट
परियों सा - सुन्दर चेहरा
गुब्बारे सा - फूला पेट
ढोलक सा - बजता डिब्बा

तुम्हारी समझ से (पृष्ठ:3)

क) बादल नदी-नालों मे बाढ़ कैसे लाते होंगे?
उत्तर बादल तेज़ बारिश करके नदी-नालों मे बाढ़ लाते हैं।

ख) बादल ढोल कैसे बजाते होंगे?
उत्तर बादल गरजकर और टकराकर ढोल बजाते हैं।

ग) बादल कैसे शैतानियाँ करते होंगे?
उत्तर बादल बिन मौसम बारिश करके, तेज हवा चलाके शैतानियाँ करते होंगे।

कविता से आगे पृष्ठ:4

क सावन के किन-किन महीनों में ज्यादा बादल घिरते हैं?
उत्तर जून-जुलाई में ज्यादा बारिश होती है।

ख कविता में 'काले' बादलों की बात की गई है। क्या बादल सचमुच काले होते हैं?
उत्तर कुछ बादल काले दिखाई देते हैं तो कुछ भूरे तो कुछ सफेद। लेकिन बादल सचमुच काले नहीं होते। वह तो पानी की भाप के

बूँदों से बने होते हैं

(क) तूफान क्यों होता है? बादलों को तूफानी क्यों कहा गया है।
बारिश के साथ तेज़ चलने वाली आँधी को तूफान कहते हैं।
बादल हो, तेज आँधी और बारिश लाते हैं। इसलिये उन्हें तूफानी बादल कहा गया है।

(घ) कक्षा में बातचीत करो और बताओ कि बादल किन-किन रंगों के होते हैं।
बादल कई तरह के सफेद होते हैं, जैसा गर्मियों में होता है।
बादल काले रंग के होते हैं, जैसा बरसात के दिनों में होता है। तब बादल बारिश करते हैं।
कभी कभी बादल केसरी रंग के भी होते हैं।

कैसे कैसे बादल
तरह तरह के बादलों के चित्र बनाओ?

काले काले डरावने



गुब्बारे से गालों वाले



हल्के-फुल्के सुहाने

(ख) कविता में 'बादलों को 'भोला' कहा गया है। इसके अलावा बादलों के लिये और कौन-कौन से शब्दों का इस्तेमाल किया गया है? नीचे लिखे अधूरे शब्दों को पूरा करो।

भोले   काले   जिद्दी
मतवाले   शैतानी   तूफानी

बारिश की आवाज़ें

कुछ अपने थैलों से चुपके
झर-झर-झर बरसाते पानी

पानी के बरसने की आवाज है झर-झर-झर
पानी बरसने की कुछ और आवाजें लिखो।

टप-टप   टिप-टिप
छपा-छप   घर-घर
रिम झिम   छप-छप
छमा-छम   छम-छम

'कैसे कैसे पेड़' : कविता

रात में काले लम्बे भूत से,
दिन में बचाते हैं हमें धूप से
देते हमें शुद्ध हवा
फल, फूल और पत्तों में छिपी दवा

RANKA DATE / / PAGE 3

समान अर्थ वाले दो शब्द

बादल — मेघ, जलद

आसमान — आकाश, गगन

पानी — जल, नीर

हवा — वायु, समीर

शब्द छाँट करो

मतवाले, तूफानी

जिद्दी, शैतानी

तुकांत शब्द

गालो - बालों, काले - काले

पानी - तूफानी, जाते - आते

RANKA DATE / / PAGE 4

पाठ से अतिरिक्त प्रश्न

कविता मे बादलों ने किसके समान पंख लगाये हुए है।
परियो के समान

बादलो के थैलो मे क्या है?
पानी

किसी के ना सुनते हुए बादल क्या बजाते है?
ढोलक और ढोल

यह कविता किस बारे मे है?
बादलो के बारे मे।

काले बादल झूम-झूम कर क्या करते है।
आसमान मे दौड़ लगाते है।

कुछ बादल किस प्रकार पानी बरसाते है?
झर - झर - करके पानी बरसाते है।

कवि को बादल किस रूप, रंग और आकार के लग रहे है।
काले रंग के जोकर जैसे, हाथी व ऊँट के आकार के लग रहे है।

पाठ - 2

जैसा सवाल वैसा जवाब

नवीन शब्द

बादशाह = राजा
बादशाह अकबर ने कई जुल्म किये।

मंत्री = राजा का मुख्य सलाहकार
बीरबल एक विद्वान मंत्री था।

बुद्धि = अक्ल
विपदा के समय हमे बुद्धि से काम लेना चाहिये

मुसीबत = कठिनाई
अज्ञानता अपने साथ कई मुसीबतें लेकर आती है।

अभिमान = घमंड
अभिमानी एकर सर अंत मे झुकता है।

विश्वास = भरोसा
हमे स्वयं पर विश्वास करना चाहिये।

कोशिश = प्रयास
हमे सत्य का साथ और प्रयास कभी नही छोड़ना चाहिये।

मुर्ख = नासमझ
इन्टरनेट आज मुर्ख बनाने का नया तरीका बन गया है।

कलई = असलियत की बात, राज की बात।
रामलाल जब उत्तर नही दे पाया तो उसकी पढाकू बनने की कलई खुल गई।

अनुरोध = विनती
सब विद्यार्थी अध्यापक से परीक्षा टालने का अनुरोध करने लगे।

संसार = दुनिया लोक जगत
संसार मे भिन्न भिन्न तरह के लोग होते है हमे समझदारी से काम लेना चाहिये।

केन्द्र = मध्य

धरती का केन्द्र अति गर्म है।

संख्या = गिनती
शत्रु संख्या मे ज्यादा थे परन्तु शिवाजी महाराज फिर भी विजयी हुए।

आबादी = जनसंख्या
विश्व की २० प्रतिशत आबादी भारत मे रहती है।

संतुष्ट = तृप्ति, राजी किया गया।
ठण्डा जल पाकर मोहन संतुष्ट हो गया।

तुम्हारी बात.

(क) ख्वाजा सरा के तीनों सवालों का क्या कोई और जवाब हो सकता है? अपने मन से सोचकर लिखो।
हाँ, अन्य जवाब इस प्रकार हो सकते हैं।
सवाल - संसार का केन्द्र?
अन्य जवाब - समुद्र के बीचों बीच जो द्वीप है। वहीं संसार का केन्द्र है।
दूसरा सवाल - आकाश में तारे?
अन्य जवाब - यदि राज कोष को रेत से भर दिया जाये उतने।
तीसरा सवाल - संसार की आबादी?
अन्य उत्तर - चींटियों की आबादी से आधी।

(ख) अगर तुम ख्वाजा सरा की जगह पर होते तो, बीरबल को हराने के लिए कौन-से सवाल पूछते?
यदि मै ख्वाजा सरा की जगह पर होता तो बीरबल को हराने के लिये निम्न सवाल पूछता।
१) कुत्ते की दुम टेढ़ी क्यो होती है और सीधी कैसे हो सकती है।
२) सूरज और कितने दिनों तक रोशनी देगा और उसके बाद हम क्या करेंगे।
३) उड़ने वाले घोड़े किस देश मे होते हैं और वह कैसी घास खाते हैं।

(ग) ख्वाजा सरा का बस चलता तो वे

बीरबल को हिंदुस्तान से निकाल देते। अगर तुम्हारा बस चले तो तुम कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहोगे?
मै देश से कोरोना नामक महामारी को, गरीबी को और अन्याय करने वाले अधिकारियो को हिन्दुस्तान से निकाल देता

अन्य उत्तर
मै अपनी साइकिल से सारी दुनिया घूमता और हर देश के स्वादिष्ट पकवान चखता।

बस

नीचे लिखे वाक्य पढो।
मै बस मे बैठकर स्कूल जाता हूँ।
...... अब इसी तरह चल शब्द से वाक्य बनाओ।
क) आज मेरे घर चल।
ख) आज मै चल-चल के थक गया।
ग) चला गया वह! अब घर चल।
घ) क्या तुम मेरे साथ चलना चाहोगे
ङ) चलो सब मिल कर खेलते है।
च) इस लिये कहते है चलती का नाम गाडी।

कैसे चले, सामने तो साँप है।

बेढ कहानी
एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा, "बीरबल दुनिया मे सबसे अधिक शक्तशाली कौन है?"
बीरबल ने क्या कहा होगा? कहानी आगे बढाओ।
अकबर :- "बताओ कि दुनिया मे सबसे शक्तशाली कौन है।
बीरबल - "जहाँपनाह वैसे तो सबसे शक्तिशाली आप है, लेकिन एक है जो आपसे भी ज्यादा हिम्मत वाला है।
अकबर - (मूँछो पर ताव देते हुए) जरा बताओ तो उस महाबली का नाम?
बीरबल - "मच्छर"
अकबर - "क्या!" क्यो। कैसे।
बीरबल - रात को जब आप शांति से सो रहे होते है तो शेर भी हिम्मत नहीं कर पाता कि द हाड सके।
लेकिन हजूर इस मच्छर को तो देखिये। कि यह

DATE '16'

कूँ कूँ की आवाज़ से आपको जगाता भी है और काट भी डालता है।
यही नहीं जनाब यह आपका खून भी पी जाता है
अकबर – "यह सही नहीं है"
ताली के बीच मच्छर को मारते हुए।
(तभी एक दूसरा मच्छर अकबर की गर्दन पर काटता है)
अकबर – उई ई ई......
बीरबल – महाराज मैं ताली वाले नहीं इस यमदूत मच्छर की बात कर रहा था।
अकबर और बीरबल (दोनो हँसते हुए)

खोजो कहानियाँ

बीरबल की चतुराई के किस्से बहुत मशहूर है।
(क) तुम भी बीरबल का एक ऐसा ही किस्सा ढूंढो जिसमें वह अपने जवाबो से सबका मुँह बंद कर देता है।

DATE '17'

एक बार अकबर बीरबल बागीचे मे बैठे थे, कि अकबर को बीरबल को नीचा दिखाने की युक्ति सूझी।
अकबर – कल मैने एक सपना देखा कि हम जंगल मे जा रहे है और एक गड्ढे मे गिर जाते है।
मै जिस गड्ढे मे गिरा वह शहद का था और तुम जिस मे गिरे वह गोबर का था।
हा हा हा!!!
बीरबल – जी जनाब आप सच कह रहे है मैने भी यही सपना देखा
अकबर – "अच्छा तो क्या देखा आपने"
बीरबल – मैने देखा कि बाहर निकल कर मैं आप को चाट रहा हूँ और आप मुझे
हा-हा-हा!!!---

(ख) बीरबल की तरह बहुत से अन्य व्यक्तियों की हाज़िरजवाबी के किस्से प्रसिद्ध है। उनके नाम पता करो।

तेनाली राम कृष्णा महाराज कृष्णदेवराय का मंत्री था। वह एक उत्कृष्ट कवि, विचारक और विद्वान पंडित था।
उनका जन्म 22 सितम्बर 1520 को गुणटूर आन्ध्र प्रदेश मे हुआ था।
उनकी बुद्धिमत्ता के किस्से बहुत प्रसिद्ध है।

एक और शब्द

बुद्धिमान : अक्लमंद, चतुर
मूर्ख : मंद बुद्धि, बेवकूफ
अभिमान : गर्व, घमंड
विश्वास : भरोसा, यकीन
संसार : दुनिया, लोक
कोशिश : प्रयास, प्रयत्न

मुहावरे

नाक-भौंह सिकोड़ना = मन को अच्छा न लगना।
खरबूजे का स्वाद फीका था शायद इस लिए रोहन नाक-भौंहे सिकोड़ने लगा।

कलई खुलना = झूठ पकड़ा जाना
झूठ कितना भी संभल कर बोला जाये एक दिन कलई खुल ही जाती है।

छक्के छूटना = हार जाना, कोई उपाय न सूझना।
अध्यापक ने सरिता से ऐसे सवाल पूछे, कि उसके छक्के छूट गये।

तूती बोलना = अधिक प्रभाव यश होना
क्रिकेट के मैदान मे विराट कोहली की तूती बोलती है।



RANKA DATE 2/01 PAGE

पाठ - 3

किरमिच की गेंद

नवीन शब्द

तपती = अत्यधिक गर्म
तपती हुई धूप में लू लगने का खतरा होता है।

तत्काल = तुरंत
तत्काल दवा न मिलने से राधा की मृत्यु हो गई।

चतुर = चालाक
चतुर नेता वोट मिलने के बाद आँखे दिखाते है।

लू = गर्म हवा
हर वर्ष लू लगने से कई गरीब लोग मर जाते है।

तीन मंजिली = तीन मंजिल वाला
चुनाव जीतते ही नेता जी का घर तीन मंजिली हो गया।

गुट - दल
आज का समाज कई गुटो में

RANKA DATE 2/01 PAGE

बटा हुआ है।

सुविधा = आराम
एसी॰ कोच की सुविधाएं तो अनमोल है।

सिद्ध = साबित करना
अपनी बेगुनाही सिद्ध करते-करते वह बूढ़ा हो गया।

आजमाना = परखना
यह वेबसाइट बेमिसाल है और मेरी आज़माई हुई है।
अन्य
इस बार किसी नई राजनैतिक पार्टी को आजमाना पडेगा।

घूँस = एक बड़ा चूहा (लम्बे मुँह वाला)
वहाँ ध्यान से जाना बराबर मे ही घूँस ने गड्ढे बना रखे थे।



कहानी की बात

(क) दिनेश की माँ मशीन चलाते-चलाते बोली, "बेटा, कहाँ जा रहे हो?"
दिनेश की माँ कौन-सी मशीन चला रही होगी?
तुमने इस मशीन को कहाँ-कहाँ देखा है?
दिनेश की माँ सिलाई मशीन चला रही होगी।
मैंने इस मशीन को अपने घर में और दर्जी के पास देखा है।

(ख) दिनेश ने सारी सीताफल की बेल छान मारी।
दिनेश क्या खोज रहा था?
दिनेश को कैसे पता चला होगा कि क्यारी में वही चीज गिरी है?
दिनेश क्रिकेट की गेंद खोज रहा था। इसलिए उसने सीताफल की बेल छान मारी।
दिनेश को क्यारी में किसी चीज़ की आवाज़ सुनाई दी। उस आवाज को पहचान कर दिनेश को पता चला होगा, कि क्यारी में क्रिकेट की गेंद ही गिरी थी (है)

(ग) दिनेश अच्छी तरह जानता था कि गेंद दीपक की नहीं है।
दिनेश को यह बात कैसे पता चली कि गेंद दीपक की हो ही नहीं सकती?
दीपक बार-बार गेंद को अपनी क्यों बता रहा होगा?
दिनेश को जो गेंद मिली थी। वह एकदम नई चमचमाती हुई थी।
दीपक ने बताया कि उसकी गेंद पाँच महीने पहले से गई थी।
इस तरह दिनेश को पता चल गया कि गेंद दीपक की नहीं हो सकती।
दीपक बार-बार गेंद को अपनी इसलिए बता रहा होगा, क्योंकि वह उस गेंद को पाना चाहता था।

गेंद किसकी

(क) दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे में कौन-कौन सी बातें बताईं?
उत्तर दीपक ने निम्नलिखित बातें बताईं-
1) गेंद पाँच महीने पहले खोई थी।
2) गेंद का रंग लाल था और ऐसा ही निशान था।
3) वह पापा से कहलवा सकता है कि

गेंद उसकी है।
४) उसकी गेंद मे ऐसे ही रुपये की आवाज आती थी।

(क) अगर दीपक और दिनेश गेंद के बारे मे फैसला करवाने तुम्हारे पास आते, तो तुम गेंद किसे देती यह भी बताओ कि तुम यह फैसला किन बातों को ध्यान में रखकर करती?
गेंद दिनेश को दी जानी चाहिये थी, क्योकि वह सच बोल रहा था जबकि दीपक असत्य कह रहा था।
दीपक की गेंद पाँच महीने पहले खोई थी जबकि दिनेश को मिली हुई गेंद नई थी।

गेंद की कहानी

गेंद स्कूटर के साथ कही चली गई।
उसके बाद गेंद के साथ क्या-क्या हुआ होगा? सोचकर बताओ।
स्कूटर वाले ने अपने बच्चो को दे दी होगी। वे उससे खेले होंगे। फिर खेल खेल में गेंद गुम गई होगी।

पहचान

मान लो तुम्हारा कोई खिलौना घर मे ही कहीं खो गया है। तुमने अपने ...... तुम अपने खिलौने की पहचान के लिये अपने साथियों को कौन-कौन सी बाते बताओगी? लिखो।
मै पहले उस खिलौना का चित्र बना कर सब साथियों को दिखाऊँगा।
उसके रंग के बारे मे और खोने वाली जगह के बारे मे बताऊँगा।
और जो जानकारी वह चाहेंगे वह दे दूँगा।

कहाँ

सामने की क्यारी मे भिंडियो के ऊँचे ऊँचे पौधे थे।
एक ओर सीताफल की घनी बेल फैली हुई थी। सीताफल की बेल होती है और भिंडी का पौधा। बताओ और कौन कौन

Page 19.

RANKA DATE 24/6/ PAGE

सी सब्जियाँ बेल और पौधे पर लगती है?

बेल	पौधा
सीताफल	भिंडी
लौकी	टमाटर
तोरी	बैंगन
करेला	मटर
काशीफल	सेम

तरह - तरह की गेंदें

गेंदों के अनेक रंग-रूप होते हैं। अलग अलग खेलों मे अलग-2 प्रकार की गेंदों का इस्तमाल किया जाता है। नीचे दी गई जगह मे खेलों के अनुसार गेंदो की सूची बनाओ।

क्रिकेट	किरमिच
फुटबॉल	चमडा
हॉकी	रबड़
टेनिस	प्लास्टिक
वॉलीबाल	चमडा।

खोजो आस-पास

दिनेश चिक सरकाकर बरामदे की और आया।

RANKA DATE 24/ PAGE

(क) चिक और पर्दे में क्या फर्क है। समूह मे चर्चा करे।

चिक	पर्दा
चिक खस नामक तीलियों की या बॉस की तीलियों से बनती है।	पर्दा कपडे से बनता है।

टहनी	तना
पेड के तने से निकलने वाली डाली को कहते है। टहनी पतली होती है।	पेड का मुख्य मोटा भाग होता है। तना मोटा होता है।

पेड़	पौधा
पेड बड़ा और सख्त होता है। पेड की जडे ज़मीन मे अन्दर तक होती है।	पौधा छोटा और कमजोर होता है। पौधे की जडे सतह पर ही होती है।

घूँस	चूहा
एक बडा चूहा होता है, एक विशेष प्रजाति है।	चूहा आकार मे छोटा होता है।

घूस बिल बनाकर उसमें रहता है।	चूहे घरों में ही छिप कर रहते है।

मुँडेर	चारदीवारी
सुरक्षा की दृष्टि से बनाई जाने वाली छोटी सी दीवार। यह छत पर बनाई जाती है। गिरने से बचने के लिये बनाई जाती है।	आँगन के चारों तरफ बनाई जाने वाली दीवार। यह मुँडेर से दोगुनी बड़ी होती है। जानवरों से बचने के लिये बनाई जाती है।

(ख) चिक सरकंडे से भी बनती है और तीलियों से भी। सरकंडे से और क्या-क्या बनता है? अपने आसपास पता करो और लिखो।

सरकंडे से निम्नलिखित चीज़े बनाई जाती है—

1) टोकरी
2) चटाई
3) हाथ पंखी
4) कलम
5) सिलाइयाँ
6) चॉप स्टिक

क्लब बनाएँ

मान लो तुम्हें अपने स्कूल में एक क्लब बनाना है जो स्कूल में खेल-कूद के कार्यक्रमों की तैयारी करेगा।

क्लब के नियम—

1) समय पर आयें।
2) फीस समय पर जमा करवाये।
3) खेल का समान टूटने पर जुर्माना देना होगा।
4) अनुशासन का पालन करें।
5) छठी कक्षा के छात्र और छात्राएँ शामिल नही हो सकते।

तुम्हारे विचार से इस क्लब को अच्छी तरह चलाने के लिए नियमों की जरूरत है या नहीं? अपने जवाब का कारण भी बताओ।

बिल्कुल इस क्लब को चलाने के लिये नियमों की आवश्यकता है बिना नियमों के अनुशासन स्थापित नहीं हो सकेगा और सदस्य आपस मे तनाव मे रहेंगे और ध्येय पूरा नही हो सकेगा। खेल-कूद का कार्यक्रम चौपट हो जायेगा।

एक, दो, तीन

दिनेश ने तिमंज़ली इमारत की ओर देखा। जिस इमारत में तीन मंज़िलें हो, उसे तिमंजिली कहते है। बताओ, इन्हे क्या कहेंगे?

1 जिस मकान में दो मंज़िले हो
दुमंज़िला

2 जिस स्कूटर मे दो पहिए हों
दुपहिया स्कूटर

3 जिस झंडे मे तीन रंग हो
तिरंगा झण्डा

4 जिस जगह पर चार राहें मिलती हो
चौराहा

5 जिस स्कूटर मैं तीन पहिए हों
तिपहिया स्कूटर

सब्जी एक नाम अनेक

एक ही सब्जी या फल के नाम अलग अलग होते हैं। नीचे ऐसे कुछ नाम दिए गये है।
हमारे शहर में निम्न शब्द इस्तेमाल किए जाते हैं?

1) सीताफल
2) अमरूद

3) तोरी
4) काशीफल
5) बेंगन
6) तरबूज
7) घीया

बाकी नामों का इस्तेमाल किन-किन स्थानों पर होता है? पता करो।

कांदा - गुजरात, मुम्बई
बटाटा - मुम्बई, गुजरात
कुम्हड़ा - उत्तर प्रदेश, बिहार
नेनुआ - बिहार, झारखण्ड



पाठ - ४

DATE 3/2/

पापा जब बच्चे थे

नवीन शब्द

अक्सर - ज्यादातर
अक्सर विद्यार्थी गृह कार्य करना भूल जाते हैं।

यकीन - मैं यकीन से कह सकता हूँ कि मैं प्रथम आऊँगा।

तय करना - निश्चय करना
मैंने तय किया है कि अब से मैं रोज सुबह दौड़ने जाऊँगा।

गँवाना - खोना
अपनी नासमझी की वजह से मोहन सरकारी नौकरी गँवा बैठा।

अचंभा - हैरानी
अपना नाम फुटबॉल लिस्ट में न पाकर मुझे बहुत अचंभा हुआ।

अजनबी - अनजान आदमी
हमें अजनबी से बात नहीं करनी चाहिये।

DATE 3/3/

चौकीदार - रखवाली करने वाला
चौकीदार ने बहादुरी और चतुराई से चोर को पकड़ लिया।

प्लेटफॉर्म - रेलगाड़ियों के रुकने का स्थान। एक ऊँचा स्थान
रेलगाड़ी प्लेटफॉर्म से चली गई और वह देखता ही रहा।

स्टेशन - रेलगाड़ियों के रुकने की जगह।
स्टेशन पर कोई स्टेशन मास्टर नहीं है।

अभिनेता - अदाकार, अभिनय करने वाला
मोहन का लक्ष्य अभिनेता बनना है।

वायुयान - हवा में उड़ने वाला जहाज़
मेरे पिताजी के पास स्वयं का एक वायुयान है। हम उसमें सैर सपाटे को जाते हैं।

कोशिश - प्रयत्न
हमें कोशिश कभी नहीं छोड़नी चाहिये, सफलता अवश्य मिलती है।

तुम्हारी बात

(क) पापा ने जितने काम सोचे, उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन-सा लगता है? क्यों?
सबसे दिलचस्प काम वायुयान का चालक बनना लगता है। क्योंकि आकाश में पक्षियों की तरह उड़ना एक सुन्दर अनुभव होगा

(ख) क्या तुम्हें भी घर में बताया जाता है कि तुम्हें बड़े होकर क्या काम करना है? कौन कौन कहता है? क्या कहता है।
हाँ मुझे भी घर में बताया जाता है कि मुझे बड़े होकर क्या काम करना है।
दादा जी कहते हैं कि डॉक्टर बनना ठीक रहेगा। यह एक अच्छा विकल्प है।

(ग) अपने मम्मी या पापा से पता करो कि वे जब बच्चे थे तब बड़े होकर क्या क्या करने की सोचते थे।
माताजी अध्यापिका बनना चाहती

थी और पिताजी फौजी अफ़सर बनना चाहते थे।

(घ) अपने घर के किसी भी एक सदस्य से उसके काम के बारे में जानकारी हासिल करो।
मेरे पिताजी फौज में काम करते हैं और उनके काम को डिफेन्स सर्विसेज़ के नाम से जाना जाता है।
इस काम को अच्छी तरह से करने के लिये कौन कौन से बातें मालूम होनी चाहिये।
उनके काम को करने के लिये, हथियार चलाना, मार्च पास, फ्लैग होस्टेंग (ध्वजारोहण), हिसाब-किताब और अनुशासन के बारे में पता होना चाहिये।
उन्हें अपने काम में किन किन बातों से परेशानी होती है।
उन्हें छुट्टी के लिये कईबार आवेदन करना पड़ता है।
उनका काम जोखिम भरा है और जान भी जा सकती है।
उन्हें धूप और बारिश में भी अपने कार्य को पूरा करना होता है।

RANKA DATE 3.6.21 PAGE

कहानी से आगे
शुरू-शुरू में पापा चौकीदार बनना चाहते थे।
(क) चौकीदार रात को भी काम करते हैं। इसके अलावा और कौन-कौन से कामों मे रात को जागना पड़ता है?
निम्न कामों में रात को जागना पड़ता है।
1) अस्पताल में चिकित्सक एवं नर्स को।
2) पुलिस स्टेशन में पुलिसकर्मचारियो को।
3) सीमा पर तैनात फौजी को
4) कॉल सेन्टर मे काम करने वालोंको

(ख) पापा कई तरह के काम करना चाहते थे।
क्या तुम किसी व्यक्ति को जानते हो जो एक से ज्यादा तरह के काम करता है? उस व्यक्ति के बारे मे बताओ।
हमारा माली दिन में खेतों में काम करता है और रात को चौकीदार का काम भी करता है।

RANKA DATE 3.7.21 PAGE

वह साइकेल का काम भी जानता है और आवश्यकता पड़ने पर दुकान पर भी जाता है।
मैने कई बार उसे पानी की मोटर ठीक करते भी देखा है।

आओ खेलें -शेखचिल्ली कहता है।
शेखचिल्ली इस तरह के आदेश दे सकता है।
1) शेखचिल्ली कहता है- अपने दाये हाथ को सिर के पीछे से लेजाकर नाक को पकडो।
2) शेखचिल्ली कहता है- खडे होकर झुको
उपरोक्त आदेश ही मानेगे क्योंकि इसके साथ ही जुडा है- शेखचिल्ली कहता है।

सोच विचार
अफ़सर के जाने के बाद पापा बहुत सोचते रहे। बताओ वह क्या क्या सोच रहे होंगे? सही का निशान लगाओ
1 यह अफ़सर आखिर है कौन
2 अब मैं रोज रोज अपना इरादा नहीं बदल सकता। ✓

DATE 3/8/

3 कुत्ता बनना बड़ा कठिन काम है। ✓
4 यह फौजी अफ़सर मुझपर हँसा क्यों नहीं, बाकी सब तो हँसते हैं। ✓
5 इस अफसर को कुत्ता बनना नही आता। इसीलिये मुझे बहका रहा है। ✗
6 मुझे इंसान ही बनना चाहिये। ✓

अमर....

पापा ने कहा, "अपना ठेला मैं स्टेशन के पास ही खड़ा करूँगा।"

(क) अगर तुम पापा की जगह होते तो ठेला कहाँ लगाते?
ऐसा तुमने क्यों तय किया
मैं ठेला बाजार मे किसी चौराहे पर लगाता।
ऐसा मैंने इसलिये तय किया, क्योंकि वहाँ ज्यादा लोग आते हैं और ज्यादा बिकरी होती।

(ख) अगर तुम रेल से सफर करोगे तो तुम्हें प्लेटफॉर्म और रेलगाड़ी में कौन कौन लोग नजर आएँगे?
निम्नलिखित लोग नजर आएगे
(1) टी टी ई (2) पुलिस (3) कुल्ली

DATE 3/9/

(4) ठेलेवाले (5) यात्री (6) सफाई कर्मचारी

परिवार

पापा के पापा को दादा कहते हैं। तुम अपने घर मे क्या कहकर बुलाओगी?

पापा के पापा	दादा जी
पापा की माँ	दादी जी
पापा के बड़े भाई	ताया जी, ताऊ जी
पापा की बहन	बुआ जी
पापा के छोटे भाई	चाचा जी
माँ के पापा	नाना जी
माँ की माँ	नानी जी
माँ के भाई	मामा जी
मा की बहन	मौसी जी
बहन के पति	जीजा जी

एक शब्द के बदले दूसरा

(क) पाठ मे ऐसे शब्दो के पाँच उदाहरण छाँटो।
उनसे : उनसे कहो कि हम आ रहे है।
उनका : यह उनका सामान नही है।
उन्हे : हम उन्हे जानते है, वह

RANKA DATE 5/01

हमारे पडोसी है।

यह : यह रेलगाड़ी कहाँ जायेगी?
उसे : उसे हमारी कहानी
सुनाई तो वह खुश हुआ।

कौन किससे तेज़

1 जो बढ़िया कहानी गढ़ सकते है : रीना
2 जो खूबसूरत कढ़ाई कर सकते है : दादी जी
3 जो कलाबाजियाँ दिखा सकते है : रोहन
4 जो दूसरो की बढ़िया नकल उतार.. : पिता जी
5 जो हाथ से बढ़िया स्वेटर बुन : दादी जी
6 जो सबके सामने किसी चीज.. : मैं
7 जो कठिन पहेलियाँ सुलझा सकते : पिताजी
8 जो खुलकर जोर से हँस सकते है : जीजा जी
9 जो तरह तरह की आवाजे बना : मैं
10 जो अंदाजे से ही चीजों का सही : दादाजी
11 जो बढ़िया अभिनय कर सकते है : तायाजी
12 जो बेकार पड़ी चीजों से सुंदर। नानाजी

तुम किन-किन चीजों मे माहिर हो -
मैं कविता लिखने में, साइकिल चलाने मे, चित्र बनाने मे और दौड़ लगाने मे माहिर हूँ।
मैं बेकार चीजों से सुन्दर वस्तु भी बना सकता हूँ।

RANKA DATE 5/1/

कैसे थे पापा

(ख) पापा का जवाब हमेशा अलग-अलग होता था।
ऐसा लगता है कि वह उलझन में थे और अपना इरादा बदलते रहते थे।

(ग) मैं छोटे बच्चों को मुफ्त मे आइसक्रीम दिया करूँगा।
ऐसा लगता है कि पापा दयालु थे और बच्चों से प्यार करते थे।

(घ) रात मे करने के लिये होता ही क्या है? रात मे मैं चौकीदारी करूँगा। ऐसा लगता है कि वह बहुत मेहनत करना चाहते थे और खूब धन कमाना चाहते थे।
वह खूब व्यस्त रहना चाहते थे।

पापा
भैया
चाचा
चाची
दीदी
बाबा
माँ



चिकित्सक
कंप्यूटर सीखो
प्रोफेसर
अफसर
कलेक्टर
फौजी
इंजीनियर

पाठ - ५

RANKA DATE ५।२।

दोस्त की पोशाक

नवीन शब्द

पोशाक = पहनने का कपडा।
विवाह उत्सव के लिये सबने नई पोशाक सिलवाई।

गपशप - बातचीत, वार्तालाप
मूर्ख लोग गपशप में ही अपना समय व्यर्थ गवाँ देते है।

बनठन कर = सजधज कर
वह बनठन कर विद्यालय आता है। यह सही नहीं है।

गर्मजोशी = उत्साह
रोहित गर्मजोशी के साथ मिला वह मेरा सच्चा मित्र है।

मामूली = साधारण
बडे देशो में मामूली लोगों को भी न्याय मिलता है।

भडकीली = चटक रंग वाली
रीना बहुत भडकीली पोशाक पहनती है।

RANKA DATE ५।३।

तुम्हारे सवाल

१ नसीरुद्दीन किससे मिले?
नसीरुद्दीन अपने पुराने दोस्त जमाल साहब से मिले।

२ उन दोनो ने क्या किया?
उन दोनों ने कुछ देर गपशप की और फिर घूमने निकल पडे।

३ वे दोनों कहाँ घूमने गए?
वे दोनों मोहल्ले में घूमने गये।

४ नसीरुद्दीन अपने दोस्त के लिये क्या लाये।
नसीरुद्दीन अपने दोस्त के लिये एक भडकीली अचकन लाए।

५ नसीरुद्दीन ने अपने पडोसी को क्या बताया?
नसीरुद्दीन ने अपने पहले पडोसी को बताया कि जमाल साहब ने जो अचकन पहनी है वह उनकी है।

तुम्हारी बात

(क) तुम बनठन कर कहाँ-२ जाते हो?

मैं बनठनु कर मेला घूमने जाता हूँ।

(ख) तुम किस-किस तरह से बनते ठनते हो?
मैं नहा धो के, इस्त्री किये कपड़े पहनता हूँ और इत्र भी लगाता हूँ।

तुम्हारी समझ से

(क) तीसरे मकान से बाहर निकलकर जमाल साहब ने नसीरुद्दीन से क्या कहा होगा?
जमाल साहब ने कहा होगा कि मैंने अचकन के बारे में कुछ न कहने को कहा था फिर भी तुमने अचकन का जिक्र किया। उन्हें जरूर पता चल गया होगा कि अचकन का कोई राज है।

(ख) जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने क्यों नहीं जाना चाहते होंगे?
शायद उनका ख्याल हो कि आदमी की हैसियत उसके कपड़ों से होती है। अगर वह मामूली से कपड़े पहनेंगे तो लोग समझेंगे कि वह कोई साधारण व्यक्ति है।

(ग) नसीरुद्दीन अपनी अचकन के बारे में हमेशा क्यों बताते होंगे?
नसीरुद्दीन एक हँसमुख इंसान थे, ऐसा लगता है वह अपने दोस्त के साथ ठिठोली करते होंगे।

गपशप

लिखकर बताओ? क्या बात हुई होगी
बेगम - कौन आया था?
हुसैन साहब - नसीरुद्दीन अपने दोस्त के साथ आया था।
बेगम - वह इतनी देर तक क्या बातें कर रहे थे।
हुसैन - कुछ खास नहीं यूँ ही गपशप
बेगम - मैंने सुना कि कोई अचकन का मामला भी था? क्या बात थी?
हुसैन - पता नहीं। नसीरुद्दीन कुछ कहते कहते रुक गये मानो कोई राज की बात थी

RANKA DATE 4/6/ PAGE

बेगम - मुझे लगता है यह वही अचकन है जो कालू दर्जी के यहां से चोरी हुई थी

छुट्टन - (सिर खुजलाते हुए) जा कर यह बात यूसुफ कादरी से पता करता हूं।
(वह चला जाता है)

घूमना-फिरना

तुम अपने दोस्तो से मिलते हो, तब क्या-क्या करते हो?
जब मैं अपने दोस्त से मिलता हूं तो हम पार्क में क्रिकेट खेलने जाते है और लौटते वक्त चाट पकौडी खाते है।
हम मिलकर गपशप करते है और पढाई भी करते है।

घडों पानी पडना

(क) घडों पानी पडना एक मुहावरा है इसका क्या अर्थ है।
घडो पानी पडना = शर्मिंदा होना

(ख) सिर मुंडाते ही ओले पडना :



RANKA DATE 4/7 PAGE

घडों पानी पडना
= शर्मिंदा होना

सिर मुण्डाते ही ओले पडना
= विपदा आ जाना



ऊट मे मुँह मे जीरा
= बहुत चाहने वाले को बहुत कम मिलना

दिये तले अंधेरा
= दूसरों को उपदेश देना पर स्वयं अमल न करना

ईद का चाँद
= बहुत मुश्किल से मिलना कभी कभी दिखना

DATE 5/8/

कौन है कैसा विशेषण

नसीरूद्दीन एक भड़कीली अचकन निकालकर लाये।.....
उन्हे छाँटकर नीचे लिखो

मामूली	पोशाक
खास	दोस्त
अन्य	पड़ोसी
कई	साल
अपनी	अचकन
तुम्हारा	पड़ोसी
तुम्हारी	अक्ल
अपने	कपड़े

पास - पड़ोस

पड़ोस के घर में जाकर नसीरूद्दीन पड़ोसी से मिले।.....

घर में कुल कितने लोग है?
चार लोग है।

उनके नाम क्या है।
बिमला, रिया, दिपन्दर और गौरव

उनकी आयु क्या है।

बिमला -	30 वर्ष
रिया -	15 वर्ष
दिपन्दर -	50 वर्ष
गौरव -	2 वर्ष

DATE 5/8/

उनकी आयु के हिसाब से बड़े से छोटा।

दिपिन्दर	आयु 50 वर्ष	पिता
बिमला	आयु 30 वर्ष	माता
रिया	आयु 15 वर्ष	पुत्री
गौरव	आयु 2 वर्ष	पुत्र

वे क्या काम करते है।

दिपिन्दर	सरकारी नौकरी
बिमला	गृहणी
रिया	स्कूल जाती है
गौरव	घर पर रहता है।

वे लोग शाकाहारी हैं या माँसाहारी

दिपेन्दर	शाकाहारी
बिमला	माँसाहारी
रिया	माँसाहारी
गौरव	दुध पीता है और फल खाता है

वे लोग छुटियों मे कहाँ जाते है
वह लोग छुटियो मे शिमला जाते हैं।

उनके पास कौन कौन सी गाडी है।
उनके पास मारूति की कार है।

आदि

RANKA
DATE 50।
PAGE

शब्दों का हेरफेर

नीचे इसी तरह के कुछ शब्दों के जोड़े दिये गये हैं। इन सबके अर्थ अलग-अलग हैं। इन शब्दों का वाक्यों मे प्रयोग करे।

घड़ा - गढ़ा

घड़ा = मिट्टी का घड़ा फूट गया।

गढ़ा = सुनीता ने झूठी कहानी गढ़ी

धूम - झूम

धूम = हम घूमने जा रहे है।

झूम = पिकनिक मे सब बच्चे झूम रहे थे और गाना गा रहे थे

राज - राज़

राज = भारत पर मुगलों, तुर्कों ने और अंग्रेजो ने शासन किया।

राज़ = मीरा ने राज़ की बात बता दी।

फ़न - फन

फ़न = रोहित चित्रकारी के फ़न में माहिर है।

फन = मैंने साँप का फन कुचल दिया

सजा - सज़ा

सजा = दीपावली पर दुकानो को सजाया जाता है।

RANKA
DATE 51।
PAGE

सज़ा = शीला को अपराध को सज़ा हुई।

खोल - खौल

खोल = वह मोटर का दरवाजा खोल कर चला गया।

खौल = चाय खौल रही है, गैस चूल्हा बन्द कर दो।

पाठ 1 से 5 का व्याकरण

विलोम शब्द

सुबह × शाम
मुश्किल × आसान
अंत × आरंभ
दिन × रात
बेचना × खरीदना

नीचे लिखे वाक्यों में अंकित सर्वनाम शब्द लिखिये।

(क) उन्हे पक्का यकीन था, बड़े होकर वह चौकीदार ही बनेंगे।

(ख) मुझे तो पता नहीं आप ही बता दीजिये।

(ग) जब रेलगाड़ी अपनी यात्रा पूरी कर लेती है, तो उसे अगली यात्रा के

लिये तैयार करना होता है।

निम्नलिखित शब्दों के लिये एक शब्द लिखो

विशेष्य		विशेषण
नसीरुद्दीन	-	मूर्ख
धनुष	-	सुन्दर
पोशाक	-	भड़कीली
कोयल	-	काली / मीठी
सीढ़ी	-	काली
सड़क	-	चौड़ी

शब्द		अर्थ
छाँव	-	छाया
दूब	-	घास
सवाल	-	प्रश्न
जवाब	-	उत्तर

विलोम शब्द

दिन	-	रात
धूप	-	छाँव
खट्टा	-	मीठा
भरा	-	खाली

समान अर्थ वाले शब्द

जल	→	पानी
	→	जलना
धुन	→	लगन
	→	गाने की धुन
सोना	→	धातु
	→	नींद लेना
घड़ी	→	समय बताने वाला यंत्र
	→	पल

लिंग बदलो		वचन बदलो	
नाग	नागिन	बकरी	बकरियाँ
सेवक	सेविका	पुस्तक	पुस्तकें
पुरुष	स्त्री	किताब	किताबें
आदमी	औरत	कक्षा	कक्षाएँ

अनेक शब्दों के एक शब्द लिखो

साथ पढ़ने वाला - सहपाठी

दूसरे देश की वस्तु विदेशी

लिंग बदलो		वर	वधू
हाथी	हथिनी	भगवान	भगवती
अध्यापक	अध्यापिका	शिष्य	शिष्या
पंडित	पंडिताइन	सिंह	सिंहनी
भाई	बहन	कुत्ता	कुत्तियाँ

विलोम शब्द

स्वर्ग	×	नरक
पुराना	×	नया
शुभ	×	अशुभ
खुश	×	उदास
कठोर	×	कोमल
मानव	×	दानव
झूठ	×	सच
राजा	×	रंक
पास	×	दूर
प्यार	×	नफरत
खास	×	साधारण
सर्दी	×	गर्मी
बूढा	×	जवान
दिन	×	रात

पर्यायवाची शब्द

भगवान	प्रभु ; परमात्मा
दिन	दिवस , वार
आग	अनल ज्वाला
हाथ	हस्त कर
पक्षी	खग विहंग
पुत्र	पूत बेटा
समुद्र	सागर सिन्धु
कपडा	वस्त्र अंबर

तलाब	सरोवर , पोखर
संसार	लोक , जग

अनेक शब्दों के एक शब्द

१ प्रतिदिन होने वाला - दैनिक
२ जिसके मन में दया हो - दयालु
३ जो सदा सत्य बोलता हो - सत्यवादी
४ साथ पढ़ने वाला - सहपाठी
५ गाँव में रहने वाला - ग्रामीण
६ भगवान को मानने वाला - आस्तिक
७ भगवान को न मानने वाला - नास्तिक
८ अपने देश की वस्तु - स्वदेशी
९ दूसरे देश की वस्तु - विदेशी
१० जिसका मूल्य ना किया जा सके - अमूल्य

प्रिय खेल - क्रिकेट

भारत में अनेक खेल प्रचलित है। जैसे - हॉकी , क्रिकेट , कबडी , आदि लेकिन वर्तमान समय में क्रिकेट सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। मुझे भी क्रिकेट का खेल बहुत प्रिय है। क्रिकेट के खेल का आरम्भ इंग्लैण्ड में हुआ था। इसे खेलने के लिये बड़ा मैदान चाहिये।

को टीम बनाकर खेला जाता है। हर टीम में ११ खिलाडी होते हैं। मै भी एक क्रिकेट का खिलाडी बनना चाहूँगा।

नसीरुद्दीन का निशाना

नवीन शब्द

तीरंदाजी = धनुष से बाण चलाना
राकेश तीरंदाजी की प्रतियोगता जीत कर आया है।

धनुष = बाँस से बना शस्त्र
गांडीव शिवजी का धनुष था, जिसे श्री अर्जुन जी ने तोड़ा।

हरगिज़ = कदापि, कुत्तई
मै हरगिज़ा नही भूलूगा कि कल परीक्षा है।

मुकाबला = प्रतियोगता
असली बल का पता कुश्ती के मुकाबले मे चलता है।

विजेता = सफल होने वाला
कारगिल युद्ध मे भारत विजेता बन के उभरा।

आश्चर्य = हैरान
पुलिस को देखकर शीला

आश्चर्य मे पड़ गई।

सेना पति = सेनानायक
सेनापति ने सेना की टुकडी मे नया जोश भर दिया।

अंदाज़ = ढंग, तरीका
वह एक सुशील लड़का है, परन्तु उसका अंदाज ठीक नही है।

बतियाना = बात करना
कक्षा मे बतियाने की सजा अवश्य मिलेगी।

फैसला = निर्णय
न्यायाधीश का फैसला उचित नही था, अंजू को फाँसी होनी चाहिये थी

थामना = सौंपना
बालक पिताजी को सामान थमाके खेलन लगा

चूकना = निशाना सही न लगाना
शिकारी का निशाना चूका और वह चला गया।

बेहतरीन = बहुत अच्छा, ज्यादा अच्छा
यह एक बेहतरीन रेशमी साड़ी है।

प्र०1 एक दिन नसीरुद्दीन क्या कर रहे थे
एक दिन नसीरुद्दीन अपने दोस्तो के साथ बतिया रहे थे।

प्र०2 नसीरुद्दीन की गप्प क्या थी?
नसीरुद्दीन की गप्प थी कि तीरंदाजी मे कोई मेरा मुकाबला नही कर सकता।

प्र०3 निशाना चूकने पर नसीरुद्दीन ने क्या क्या बहाना लगाया?
निशाना चूकने पर नसीरुद्दीन ने पहली बार यह बहाना लगाया कि यह निशाना मेरा नही काजी का था।
दूसरी बार नसीरुद्दीन ने कहा- "यह निशाना मेरा नहीं था, यह तो सेना पति का था।

प्र०4 विजयी होने पर नसीरुद्दीन ने क्या कहा?
विजयी होने पर नसीरुद्दीन ने

कहा कि देखा तुमने यह था मेरा निशाना।

रिक्त स्थानों को भरिये?
बात ही बात में उन्होंने गप्प मारना शुरु कर दिया।

उन्होंने नसीरुद्दीन की परीक्षा लेने का फैसला किया।

क्या यही तुम्हारा बेहतरीन निशाना था?

नसीरुद्दीन ने एक विजेता के अंदाज़ में कहा- "देखा तुमने यह था मेरा निशाना"

नीचे लिखे शब्दो को समझिये और लिखये
सेना + पति = सेनापति
समाचार + पत्र = समाचार पत्र
करोड + पति = करोड पति
कमल + नयन = कमल नयन
राष्ट्र + पति = राष्ट्रपति
पीत + अम्बर = पीताम्बर
रघु + पति = रघुपति

डाक + घर = डाकघर
लख + पति = लखपति
पाठ + शाला = पाठशाला
गौ + शाला = गौशाला
पुस्तक + आलय = पुस्तकालय
विद्या + आलय = विद्यालय

निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो।

१) घड़ों पानी पड़ना : अत्यन्त लज्जित होना।
सुनीता चोरी करते पकड़ी गई तो मानो उसपर तो घड़ों पानी पड़ गया।

२) कान करना : चुगली करना
कान करने वाले मित्रों से सावधान रहना चाहिये।

३) आगर मागर करना : बचने का बहाना
चुनाव जीतने के बाद जब नौकरी देने की बात आई तो नेता जी आगर-मागर करने लगे।

४) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना : अपनी

प्रशंसा स्वयं करना।
चुनावी भाषणों में नेता जन बस मुँह मियाँ मिट्ठू बनते हैं।

५) बंगाली में आटा गीला होना :
विपत्ति के समय में और विपत्ति आना।
मरीजों का पहले तो सरकार ने घर तोड़ दिया और अब जुर्माना लगा दिया मानो बंगाली में आटा गीला हो गया।

६) नसीरुद्दीन का चित्र बनाओ :



संज्ञा और उसके भेद

संज्ञा : जिस शब्द से किसी भी व्यक्ति, वस्तु स्थान जाति या भाव, दशा के नाम का बोध हो उसे संज्ञा कहते हैं।

अमरीका एक विकसित देश है। वहाँ के राष्ट्रपति का नाम जो बाइडन है वहाँ एक नदी है जिसका नाम मिसूरी है। वह एक ईसाई देश है, ईसाई धर्म की पुस्तक का नाम बाइबिल है।

अमरीका = देश का नाम
जो बाइडन = व्यक्ति का नाम
मिसूरी = नदी का नाम
बाइबल = पुस्तक का नाम

संज्ञा के भेद
संज्ञा के तीन भेद हैं।
1 व्यक्त वाचक संज्ञा
2 भाववाचक संज्ञा
3 जातिवाचक संज्ञा

संज्ञा के उपभेद
संज्ञा के दो उपभेद हैं।

1 द्रव्य वाचक संज्ञा
2 समूह वाचक संज्ञा

व्यक्तवाचक संज्ञा

जिन शब्दों से किसी विशेष व्यक्ति विशेष सामग्री, विशेष स्थान या विशेष वस्तु का बोध हो उन्हें व्यक्तवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण के लिये

रमेश - व्यक्ति का नाम
शिवानी - व्यक्ति का नाम
आगरा - स्थान का नाम
कुरान - किताब का नाम
ताजमहल = इमारत का नाम
एम्स = अस्पताल का नाम

भाववाचक संज्ञा

जो शब्द गुण, धर्म, दशा, अवस्था भाव आदि का बोध कराये उसे भाववाचक संज्ञा कहते है।

उदाहरण के लिये -

क्रूरता, प्यास, थकावट, चोरी, घृणा क्रोध, सुंदरता आदि।

भाववाचक संज्ञाओं का सम्बंध भावों से होता है। इनका कोई रूप या आकार नहीं होता। यह केवल

महसूस किये जाने वाले शब्द है।
जैसे -
बुराई से बचो। घर से विद्यालय की दूरी अधिक नहीं है।

जातिवाचक संज्ञा
जो शब्द एक ही जाति के विभिन्न व्यक्ति, प्राणियों, स्थानों एवं वस्तुओं का बोध कराते है उन्हे जातिवाचक संज्ञा कहते है।
जैसे - कुत्ता, गाय, हाथी, मनुष्य, पहाड़ आदि जातिवाचक संज्ञा है।
यह शब्द एक ही जाति के प्राणियो वस्तुओ एवं स्थानो का बोध करा रहे है।

द्रव्यवाचक संज्ञा
जिन शब्दो से किसी पदार्थ या धातु का बोध हो, उन्हे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते है।
जैसे - दूध, घी, सोना, चाँदी, पानी आदि द्रव्यवाचक संज्ञा है।

समूहवाचक संज्ञा
जो शब्द किसी समूह या समुदाय

का बोध कराते है। उन्हें समूहवाचक संज्ञा कहते है।
जैसे: भीड मेला, जत्था, समिति, झुण्ड आदि समूह वाचक संज्ञा है।

संज्ञा के पाँच भेद और उनके उदाहरण लिखो।
1 व्यक्तिवाचक संज्ञा - भारत, दुबई, गाँधी यमुना, कुतुबमीनार, मीनाक्षी मोहन।
2 जातिवाचक संज्ञा - स्कूल, जानवर लडका, पहाड आदि।
3 भाववाचक संज्ञा - बचपन, बुनियाद मिठास, मोटापा आदि।
4 द्रव्यवाचक संज्ञा - सोना, काँच, तेल लोहा, मिट्टी आदि
5 समूहवाचक संज्ञा - भीड, झुण्ड, सेना दल, परिवार, प्रजा आदि।

सर्वनाम
सर्व+नाम = सबके लिये एक नाम जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त हो उसे सर्वनाम कहते है।

उदाहरण के लिये –
मै, तुम, वह, उनका, उनकी,
इस, मेरा, उन्होंने, इन्होंने, हम, आप।

सर्वनाम के छः भेद

1) पुरुषवाचक सर्वनाम
2) निश्चयवाचक सर्वनाम
3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4) संबंधवाचक सर्वनाम
5) प्रश्नवाचक सर्वनाम
6) निजवाचक सर्वनाम

विशेषण

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे विशेषण कहते है।
गुण - दोष, संख्या, नापतोल, कैसा

विशेषण के भेद

1) गुणवाचक विशेषण
2) संख्यावाचक विशेषण → निश्चित संख्यावाचक / अनिश्चित संख्यावाचक
3) परिमाणवाचक विशेषण
4) संकेतवाचक विशेषण

क्रिया

जिस शब्द से किसी काम का होना या करना पाया जाए उसे क्रिया कहते है।
जैसे - पढ़ना, खेलना, सोना, दौड़ना, रोना, जीतना आदि

क्रिया के भेद

1) सहायक क्रिया
2) पूर्वकालिक क्रिया
3) नामबोधक क्रिया
4) द्विकर्मक क्रिया
5) संयुक्त क्रिया
6) क्रियार्थक क्रिया

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण दो। क्रिया आदि

राम पढ़ता है
↓ संज्ञा ↓ क्रिया

अंशु बड़ी होशियार है → काल
↓ संज्ञा ↓ प्रविशेषण (विशेषण की विशेषता) ↓ गुणवाचक विशेषण

पाठ - ६

नाव बनाओ नाव बनाओ

नवीन शब्द

धरेगा - रखेगा
बालक ने मिट्टी से सने कपड़े अपनी माँ के हाथ में धर दिये।

गुल्लक - कुब्बनी पैसे जमा करने का पात्र। मेरी गुल्लक मे 100 रुपये है।

टटोलो - खोजो
किराया देने के लिये वह अपनी जेब टटोलने लगा।

हर्षाओ - बहुत खुश होना
बारिश होने पर पेड़, पौधे, जानवर और मनुष्य सभी हर्षा उठते है।

लपक - फुर्ती से, झटके से
मिनाक्षी ने लपक के सारी गेंद ले ली।

खोट - दोष
रमेश मे खोट नहीं है, खोट तो

सुनार मे है, जिसने नकली ज़ेवर दिये।

ठेलो - लुढ़काना, लुढ़काओ
मोटरगाड़ी ठेलो तो ही चालू होगी

पर्यायवाची शब्द

पानी - जल, नीर
बादल - मेघ, घन
नदी - सरिता, तटिनी
भाई - भ्राता, भ्रातृ
आँखे - नेत्र, चक्षु

समान तुक वाले शब्द

आया - छाया, लाया
पड़ेगा - भरेगा, धरेगा
अड़ती - बढ़ती, चढ़ती
ठेलो - खोलो, टटोलो
चमकीली - रंगीली, पीली
पाओ - आओ, हर्षाओ

विलोम शब्द

जल्दी × धीरे
भरा × खाली
घटना × बढ़ना
भाई × बहन
नया × पुराना
हल्का × भारी

कविता से

(क) भैया ने क्या बहाना किया? क्यों?
उन्होंने कहा कि नाव बनाना मेरे बस का काम नहीं है। क्योंकि भैया को बाजार जाकर कागज लाने मे आलस्य आ रहा था।

(ख) कौन बूँदों और लहरों से लड़ते हुए आगे बढ़ रही है?
कागज़ की नाँव बूँदों और लहरों से लडते हुए आगे बढ़ रही है।

(ग) किसकी गुल्लक भारी है? किसकी गुल्लक हल्की है?
भैया की गुल्लक भारी है। तथा बच्चे की गुल्लक हल्की है।

नाव की कहानी

मै एक नाव हूँ। मै कागज से बनी हूं। मुझे एक लडके ने बनाया। उसका नाम तो मुझे नहीं पता पर वह वहा रहता था वहा एक छोटा सा तालाब था। जिसमें बारिश का पानी एकत्ठा हो जाता था।
वह मुझे बनाकर बहुत खुश

हुआ और मुझे लेकर तालाब पर चला गया और मुझे पानी मे छोड दिया।
हल्की-हल्की हवा चल रही थी और मै बह चली इतनी दुर कि वह मुझे वापस न ला पाया।
कुछ देर मे मेरे उपर पानी ने अपना असर करना शुरू कर दिया और मै भीग गई।
वह मुझे डूपता हुआ देखकर उदास हुआ और चला गया।

अहा! बारिश!!

मेरी कविता
बारिश आई, बारिश आई,
और लाई कीचड भाई।
सड़क पे अब गड्ढे बनेगे,
और हम उसमे जाकर गिरेंगे।

नदियाँ दौडेगी किनारे तोडकर,
और हम भागेंगे घरको छोडकर।
फिर से वही समस्या आई,
हा हा बारिश आई, हा हा बारिश आई।

इस कविता को पढ़ते समय तुम्हारे मन मे कई चित्र आए होंगे उनके बारे मे बताओ या उनका चित्र बनाओ।



साात सुमुद्र

(क) पता करो सात समुद्र कौन-कौन से होंगे जिनसे बादल पानी भरकर लाया है।

1) हिन्दू महासागर
2) प्रशांत महासागर (उत्तरी)
3) अटलांटिक महासागर (उत्तरी)
4) आर्टिक महासागर उत्त
5) दक्षिण महासागर (एनटारटिक)
6) अटलांटिक महासागर (दक्षियी)
7) प्रशांत महासागर (दक्षियी)

(ख) क्या सचमुच बारिश के बादल समुद्र से पानी लाते है? वे इतना सारा पानी कैसे लाते है।

हा, बारिश के बादल सचमुच समुद्र से पानी लाते है। सूरज की गर्मी से पानी भाप बन कर आकाश मे चला जाता है और बादलो का निर्माण करता है। यही भाप ठण्डी हो कर पानी की बूंदे बन जाती है और धरती पर बरस जाती है।

मतलब हम कह सकते है कि बादल समुद्र से पानी लाते है। इस प्रक्रिया को वाटर साइकिल कहते है।



Page 48-49

RANKA
DATE / /
PAGE 74

सच मुच

सचमुच का इस्तेमाल करते हुए दो वाक्य बनाओ।

सोनू सचमुच बहुत अच्छा लड़का है
मैं सचमुच अमरीका गया था
मैं सचमुच तेज दौड़ सकता हूँ
मै सचमुच लड्डू लाया हूँ
क्या सचमुच आज परीक्षा है।

तरह-तरह की नावें

तुम कागज से कितनी तरह की नाँव बना सकते हो।

मै कागज के टुकड़ो को नाँव के आकार मे चिपकाकर नाँव बना सकता हूँ।
और इसे रंगो से सजाकर खेल सकता हूँ।

आई बरसात

(क) बरसात के दिनों मे अक्सर घरों के दरवाज़े और खिड़कियों से पानी की बौछार आ जाती है। कभी-कभी छत से पानी टपकता है, सीलन भी आ जाती है। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए तुम्हारे घर मे क्या-क्या

RANKA
DATE / /
PAGE 75

किया जाता है।

हम लोग बरसात के दिनो मे छत पर जाकर पानी निकाल देते है।
खिडकियों और दरवाजो से बौछारे न आये इसलिये उन पर चिक लगाते है या शेड बनवाते हैं।
सीलन से बचने के लिये प्लास्टिक पेन्ट करवाते हैं।

(ख) बारिश के मौसम में गलियों और सड़कों पर भी पानी भर जाता है। तुम्हारे मोहल्ले और घर के आसपास बारिश आने पर क्या-क्या होता है, बताओ।

हमारे घर के आस पास नालियाँ भर जाती है और गन्दा पानी ऊपर आ जाता है।
सड़के टूट जाती है और गड्ढे बन जाते कई लोग गिर भी जाते है। गाडियाँ पानी मे फंस जाती है और बंद हो जाती है।

काम वाले शब्द

(क) काम वाले शब्दों को छाँटो और लिखो

आना घिसना छाना

लाना	पड़ना	खेलना
घूरना	भरना	लहरना
खेलना	चलाना	लड़ना
बढ़ना	गढ़ना	हर्षाना

ख तुमने जो क्रियाएं छाँटी है, वर्णमाला के हिसाब से उनके आगे 1,2,3 आदि लिखकर उन्हें क्रम से लगाओ।

१ अड़ना
२ खाना
३ खेलना
४ गढ़ना
५ घिरना
६ चलाना, छाना
७ टहलना
८ धरना
९ पड़ना
१० बढ़ना
११ भरना
१२ लड़ना
13 लहरना
१४ हर्षाना

अन्य प्रश्न

स्वयं कोई कहानी लिखो?
मेरी स्वरचित कहानी इस प्रकार है—

इंसान का कर्तव्य

एक बार एक राजा था। वह बहुत ही नेक दिल था। वह खूब दान किया करता था। एक दिन उस राजा को कयेना नामक बिमारी हो गई। प्रजा चिंतित हो गई और बड़े से बड़े वैद्य आये, पर राजा की सेहत मे कोई सुधार न हुआ।

एक किसान को यह बात पता चली और वह दौड़ा दौड़ा महल में आया और कहने लगा कि उसने अपने दादा जी से जड़ी बूटियों का ज्ञान प्राप्त किया है। क्या आप मुझे राजा का उपचार करने का मौका देंगे।

सबने हामी भर दी उस किसान ने कुछ विशेष जड़ी बूटियां पीस कर राजा को दे दी। कुछ दिनों मे राजा स्वस्थ हो गया और उसने किसान से कहा कि उसे क्या ईनाम चाहिये। उस किसान ने उत्तर दिया-"कुछ नही मैंने तो इंसान होने का कर्तव्य निभाया है।

आप हमारे पालनहार है। आप स्वस्थ हो गये। हमे सब कुछ प्राप्त हो गया

पाठ-7

दान का हिसाब

नवीन शब्द

सत्कार - आदर, सम्मान
मेरे पिताजी का उन्होंने खूब आदर सत्कार किया।

अकाल - भुखमरी
मौसम का अत्यधिक प्रकोप अकाल को न्यौता देता है।

लकदक - कीमती, मंहगा, चमक-दमक
नसीरुद्दीन की अचकन लकदक थी इसीलिये सब पूछ बैठे।

वक्त - समय, काल
बुरे वक्त में इंसान को धैर्य नहीं खोना चाहिये।

नामी लोग - प्रसिद्ध लोग
नेता पहले नामी लोगों के पीछे चलते है और अपना उल्लू सीधा करते ही बदल जाते है।

खबर - समाचार

आज कल देश में छपी खबरों का बोल बाला है।

बकवास - निरर्थक
बकवास की बाते करके अपना और बाकियो का समय व्यर्थ मत करो।

विद्वान - बुद्धिमान
विद्वान की प्रशंसा समंद्र पार तक जाती है।

राजभंडार - खजाना
राजभंडार भी खाली हो जाते हैं, व्यर्थ खर्चा नहीं करना चाहिये।

उपस्थित - हाजिर
आज कक्षा में करोना की वजह से बहुत कम बच्चे उपस्थित है।

सन्यासी - साधु
भारत झूठे सन्यासियों का गढ है।

समझौता - रजामंदी
सत्य और अहिंसा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

प्रसिद्ध - लोकप्रिय
लंदन एक प्रसिद्ध जगह है।

दिवालिया - धनहीन होजाना।
करोना की वजह से कई देश
दिवालिया हो गये।

लोभी - लालची
गीता एक लोभी लड़की है।

हुक्म - आदेश / आज्ञा
धोखा और चोरी के जुर्म मे गीता
को न्यायाधीश ने कारावास का हुक्म दिया

लाचार होकर - मजबूर होकर
वह लाचार होकर दर दर भटकने
लगा लेकिन उसे दवा न मिली।

तरीका - ढंग
समय पर विद्यालय पहुँचना ही
सही तरीका है।

खुराक - भोजन की मात्रा
बीमारी की वजह से उसकी खुराक
कम होगई थी।

कहानी से

(क) राजा किसी को भी दान क्यों नहीं देना चाहता था?
राजा बहुत कंजूस था। उसका मानना था कि यदि वह दान देगा तो उसका राजकोष खाली होजाएगा। अतः वह दान नहीं देना चाहता था।

(ख) राजदरबार के लोग मन ही मन राजा को बुरा कहते थे लेकिन वे राजा का विरोध क्यों नहीं कर पाते थे।
राजदरबार के लोग मन ही मन राजा को बुरा मानते थे। परंतु वह जानते थे कि यदि वह राजा का विरोध करते हैं तो वह उन्हे दण्ड देगा।
दण्ड से बचने के लिये वे राजा का विरोध नहीं करते थे।

(ग) राजसभा में सज्जन और विद्वान लोग क्यों नहीं जाते थे?
राजसभा मे सज्जन और विद्वान लोगों का आदर सत्कार नहीं होता था। इस लिये वह राजसभा में नहीं जाते थे।

(घ) संयासी ने सीधे सीधे शब्दों में भिक्षा

क्यों नहीं माँग ली?
संयासी बहुत चतुर था। वह जानता था यदि वह सीधे सीधे शब्दों में भिक्षा माँगता, तो राजा इतनी बड़ी रकम कभी नहीं देता। उसने इसलिए ऐसे तरीके से भिक्षा माँगी कि राजा सच्चे बन गया और उसने बड़ी रकम को मामूली समझ कर भिक्षा देना स्वीकार कर लिया।

(ङ) राजा को संयासी के आगे गिडगिडाने की जरूरत क्यो पडी?
राजा ने संयासी को भिक्षा देने का वचन दे दिया था। लेकिन गंडासी के अनुसार भिक्षा के रूप में राजकोष से दस-लाख रुपये की रकम निकल जाने वाली थी। इससे राजा दिवालिया होने वाला था। राजा को अपना राजकोष बचाने के लिये संयासी के आगे गिडगिडाना पडा।

अंदाज़ अपना अपना

(क) दान के वक्त उनकी बुद्धि बन्द हो जाती थी।
दान की बात सुनते ही वह कंजूस

बन जाते थे।

(ख) हिसाब देखकर मंत्री का चेहरा फीका पड़ गया।
हिसाब देखकर मंत्री बेहोश होगया।

(ग) संयासी की बात सुनकर सभी की जान में जान आई।
संयासी की बात सुनकर सबने राहत की साँस ली।

(घ) लाखो रुपये राजकोष में मौजूद हैं।
जैसे धन का सागर हो।
राजकोष मे इतना धन है जितना समुद्र में पानी है।

साथी हाथ बढाना

सोचकर बताओ तुम अकाल में परेशान लोगो की मदद कैसे करोगे?
हम अपनी कक्षा के सभी विद्यार्थी मिलकर एक मेले का आयोजन करेंगे इस मेले से जो धन प्राप्त होगा उससे हम दवा आदि खरीद कर अकाल ग्रस्त लोगो को (भिजवायेंगे) देंगे।

जिम्मेदारी अपनी-अपनी

तुम्हारे विचार से राजदरबार में किसकी क्या क्या ज़िम्मेदारियाँ होगी।

(क) मंत्री - मंत्री की ज़िम्मेदारी राजा को उचित सलाह देना होगी।
इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि हिसाब किताब ठीक है।
प्रजा की आर्थिक स्थिति कैसी है।
दूसरे कर्मचारियों की नियुक्ति करना भी उसकी जिम्मेदारी होगी।

(ख) भंडारी - भंडारी की जिम्मेदारी राजकोष की देखभाल करना होगी।
राजकोष का हिसाब-किताब रखना होगा।
इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि राजकोष सदैव भरा रहे।

कर्ण जैसी दानी

(क) कर्ण कौन थे?
कर्ण कुंती व सूर्य का पुत्र था। बचपन में ही वह माता कुंती द्वारा त्याग दिया गया था, और एक सूत दम्पति

ने उनका लालन पालन किया था। सूर्य ने जन्म से ही उन्हे अभेद कवच और कुण्डल प्रदान किये थे। एक बार देवराज इन्द्र ने उससे वह दान मे माँग लिये और उन्होंने दे दिये। इसलिये उन्हे सबसे बडा दानी कहते है।

(ख) कर्ण जैसे दानी का क्या मतलब है।
कर्ण जैसे दानी का मतलब है, अपना सब कुछ दान कर देना।

(ग) दान क्या होता है?
बिना किसी अपेक्षा के दिया गया धन जिससे सिर्फ लोकहित होता है। दान कहलाता है।

(घ) किन-किन कारणों से लोग दान करते है
लोकहित करने के लिये लोग दान करते है।
पुण्य कमाने के लिये कि उनका लोक परलोक सुधर जाये
मान्यता: ऐसी मान्यता है कि पूजा पाठ करने के बाद दान करने से फल प्राप्त होता है।

कहानी और तुम

क राजा राजकोष के धन का उपयोग किन किन कामों में करता था?

राजा राजकोष के धन का उपयोग अपने वस्त्रों, मनोरंजन और महल की सजावट पर करता था।

तुम्हारे घर में जो पैसा आता है वह कहाँ कहाँ खर्च होता है? पता करके लिखो?

मेरे घर में जो पैसा आता है वह निम्नलिखित कारणों में खर्च होता है-

1 खाने-पीने में
2 मेरी पढ़ाई पे
3 बिजली बिल देने में
3 पानी का बिल देने में
4 मोबाईल का बिल देने में
4 मेरी और दादी की दवाइयों में
6 टैक्स देने में आदि

